# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 16 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 15 जुलाई 2025 से 21 जुलाई 2025 तक


## श्रावण के प्रथम सोमवार भगवान श्री महाकाल मनमहेश स्वरूप में नगर भ्रमण पर निकले

मुख्यमंत्री डॉ.यादव की मंशानुरूप 04 जनजातीय समूहों के कलाकारों ने सवारी में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर किया बाबा श्री महाकाल का स्वागत



उज्जैन। श्रावण माह के प्रथम सोमवार पर भगवान श्री महाकालेश्वर मनमहेश स्वरूप में नगर भ्रमण पर निकले। सवारी के निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर के सभामंडप में सर्वप्रथम भगवान श्री महाकालेश्वर का षोड़षोपचार पूजन-अर्चन किया गया।

सवारी मार्ग के दोनों ओर हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों ने पालकी में विराजित श्री मनमहेश भगवान के भक्तिभाव से दर्शन लाभ लिये। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सवारी श्री महाकालेश्वर मंदिर से गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाडी, होते हुए रामघाट पहुंची। भगवान महाकालेश्वर जी श्री मनमहेश के स्वरुप में अपने भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए माँ क्षिप्रा के तट पर पहुँचे। रामघाट पर भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन अर्चन और जलाभिषेक पुजारी श्री आशीष गुरु के द्वारा संपन्न कराया गया । इस दौरान प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल ,जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन-अर्चन किया और आरती की। महाकालेश्वर भगवान की श्रावण भादो मास की प्रथम सवारी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप वैदिक उदघोष के साथ श्री महाकालेश्वर भगवान की प्रथम सवारी का स्वागत किया गया | रामघाट पर भगवान श्री मनमहेश के पूजन उपरांत सवारी रामघाट से पुनः सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती समाज मन्दिर, सत्यनारायण मन्दिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होती हुई श्री महाकालेश्वर मन्दिर में वापस पहुंची। सवारी के आगे-आगे घुड़सवार, पुलिस बल, विभिन्न भजन मण्डलियां, जनजातीय नृत्य दल आदि भगवान भोलेनाथ के गुणगान एवं भजन-कीर्तन करते हुए साथ चल रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव की मंशानुरूप गतवर्षानुसार संस्कृति विभाग भोपाल, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद व त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय के माध्यम से भगवान श्री महाकालेश्वर जी की सवारी में जनजातीय कलाकारों का दल ने श्री महाकालेश्वर भगवान की प्रथम सवारी में सहभागिता की।

CM Dr. Mohan Yadav Dubai Tour

# मुख्यमंत्री से काउंसल जनरल ने की चर्चा, एमपी डे से लेकर ईवी और पर्यटन समेत कई सेक्टर पर हुई मीटिंग







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के तीन दिवसीय दुबई दौरे के दूसरे दिन की शुरुआत भारतीय कॉउन्सल जनरल सतीश कुमार सिवन के आयोजित ब्रेकफास्ट ब्रीफिंग से हुई। बैठक में भारतीय दूतावास स्तर पर एक स्थाई संपर्क तंत्र विकसित किये जाने पर सहमति बनी। जिससे मध्यप्रदेश और यूएई के बीच संस्थागत संवाद की निरंतरता बने रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की छवि ब्रांड इंडिया के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने में भारतीय मिशन की निर्णायक भूमिका हो सकती है। ताज बिजनेस बे स्थित बॉम्बे ब्रैसरी में इस मुलाकात में मुख्यमंत्री को यूएई में भारत की विभिन्न गतिविधियों और संभावित सहयोग क्षेत्रों की जानकारी दी गई।

### इन विषयों पर हुई चर्चा

बैठक के दौरान जिन विषयों पर प्रमुखता से चर्चा हुई, उनमें मध्यप्रदेश प्रवासी व्यवसायियों को निवेश के लिए प्रेरित करने के विशेष प्रयास, दुबई-मध्यप्रदेश के बीच सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की संभावनाएं और दुबई में "एमपी डे" आयोजित करने के लिए भारतीय मिशन की भागीदारी जैसे अहम विषय शामिल रहे।

### सेक्टर-विशेष राउंड टेबल आयोजित करने का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने औद्योगिक, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि दुबई के प्रमुख औद्योगिक समूहों से मध्यप्रदेश उद्योग विभाग के सीधे संपर्क के लिए मिशन स्तर पर समन्वय किया जाएगा। साथ ही कृषि, टेक्सटाइल, ईवी, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे प्राथमिक क्षेत्रों में कॉन्सुलेट की अगुवाई में सेक्टर-विशेष राउंड टेबल आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया।

### दुबई में MP के व्यापारियों को मिल सकता है लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी प्रस्तावों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ लिया। कॉउन्सल जनरल सिवन ने जानकारी दी कि दुबई में कार्यरत मध्यप्रदेश मूल के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़े व्यवसायियों की पहचान कर उन्हें प्रदेश सरकार की अनुकूल नीतियों से जोड़ा जा सकता है। तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी सहयोग की संभावनाएं रेखांकित की गईं, जिसमें विशेष रूप से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और सौर ऊर्जा से जुड़ी संस्थाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन सभी प्रस्तावों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ लिया और कहा कि मध्यप्रदेश की छवि को ब्रांड इंडिया के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने में भारतीय मिशन की भूमिका निर्णायक हो सकती है। ब्रीफिंग के दौरान अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र सिंह, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संजय प्रेम जोशी की रिपोर्ट




**हाटपीपल्या।** माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय बागली के प्रकरण क्रमांक 3/21, एमजेसीआर क्रमांक 144/22 धारा 354 (ग) आईपीसी व 11/12 पास्को एक्ट मैं जारी दो स्थाई वारंट आरोपी सूरज उर्फ गोलू उर्फ जयंत पिता देवकरण उर्फ बाबूलाल जाति बलाई उम्र 25 साल निवासी बोरखेड़ा पुरवइया बाद ग्राम अरलावदा हाल अंबिका कॉलोनी देसी राय डेहरी घाटा बिल्लोद जिला धार को दो स्थाई वारंट में गिरफ्तार किया गया।

# समाजसेवी एवं पत्रकार पंडित विपिन शर्मा का जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**रणजीत टाइम्स**

रणजीत टाइम्स प्रदेश कार्यालय पर समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार पंडित विपिन शर्मा का जन्मदिवस रणजीत टाइम्स मित्र मंडल द्वारा बड़े ही उत्साह एवं आत्मीयता के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे – वरिष्ठ संपादक गोपाल गावंडे, दीपक वाडेकर, मुरली फावड़े, विवेक ओंकार, सौरभ दुबे, नितिन बामदले, बंटी सिसौदिया, नरेश जारवाल, मेहता, इलू भाई सहित कई साथीगण।

इस अवसर को और भी प्रेरणादायक बनाते हुए पंडित विपिन शर्मा ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा:

» "हर घर में, हर जन्मदिवस पर कम से कम दो पेड़ अवश्य लगाए जाएं – यही इस पृथ्वी के लिए सच्ची शुभकामना होगी।"

» अपने संदेश को सार्थक करते हुए उन्होंने अपने फार्म हाउस पर दो पौधों का रोपण भी किया।


» रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं पर्यावरण संरक्षण की इस पहल के लिए साधुवाद।






# उज्जैन को मिला स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत 3 से 10 लाख जनसंख्या श्रेणी में प्रथम पुरस्कार

## 17 जुलाई को महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा किया जाएगा सम्मानित





**रणजीत टाइम्स**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में उज्जैन को मिला 3 से 10 लाख की श्रेणी में स्वच्छता लीग का प्रथम पुरस्कार मिला जिसमें 17 जुलाई 2025 को महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा सम्मानित किया जाकर ग्रुप फोटो किया जाएगा। जैन को देश में अपनी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने पर सभी सफाई मित्रों को एवं इसमें कार्यरत सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव एवं आयुक्त श्री आशीष पाठक द्वारा बधाई दी गई है साथ ही नगर के समस्त नागरिकों को अपनी विशिष्ट सहभागिता से स्वच्छता सर्वेक्षण में इस उपलब्धि को दिलाए जाने पर आभार व्यक्त किया गया है।

ज्ञात रहे कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की अवॉर्ड सेरेमनी 17 जुलाई 2025 को विज्ञान नई दिल्ली में सम्पन्न होगा। उल्लेखनीय है कि यह उज्जैन को 3 लाख से 10 लाख जनसंख्या श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। पहली बार सुपर स्वच्छता लीग का आयोजन किया गया है जिसमें इंदौर के साथ ही उज्जैन का नाम भी सम्मिलित है। सुपर स्वच्छता लीग में पहले से महामहिम राष्ट्रपति जी से पुरस्कार प्राप्त कर चुके निकायों को रखा गया है।

# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार , 15 जुलाई 2025 से 21 जुलाई 2025 तक




## सहजयोग, उस ज्ञान से साक्षात्कार है जो हमारे साथ जन्मा है, जो सहज है



संपूर्ण ब्रह्मांड की संरचना में दो प्रकार के तत्वों की भूमिका है, जैविक व अजैविक। जो आदिशक्ति के स्वरूप श्री लक्ष्मी व श्री सरस्वती द्वारा संचालित हैं। लक्ष्मी श्री विष्णु की शक्ति हैं तो सरस्वती श्री ब्रह्मा जी की और ब्रह्मा का जन्म विष्णु की नाभि से माना जाता है। लक्ष्मी तत्व पदार्थों के रूप में स्पंदित होता है तो सरस्वती तत्व नाद के रूप में। पदार्थ व शब्द दोनों ही मनुष्य जीवन का अहम हिस्सा हैं परंतु दोनों को ही आदिशक्ति के तीसरे स्वरूप महाकाली ने माया के आवरण में ढका हुआ होता है। पदार्थों का आकर्षण मनुष्य को स्थूल से ऊपर नहीं उठने देता। वहीं शब्दों की माया हमें किसी का प्रिय किसी, का विरोधी सफल या असफल बना देती है। शब्द तीन प्रकार के होते हैं - पहले जिनमें विभिन्न अक्षर प्रमुख होते हैं जो हमारे द्वारा बोले जाते हैं और दूसरे के द्वारा सुने जाते हैं, दूसरे जिन्हें सिर्फ हम सुन पाते हैं और तीसरे हैं मानस जहां वर्ण या क्षर प्रमुख होते हैं। हम अधिकांशतः दूसरी प्रकार के शब्दों के द्वारा छले जाते हैं, इसमें हमारे विचार, योजनाएं, स्मृतियां, लिखना, पढ़ना, आदि शामिल हैं। हमारे मन में पदार्थों को देखकर जो इच्छाएं जागृत होती हैं वही शब्दों के रूप में प्रकट होती हैं। ज्ञान शब्द नहीं होते, शास्त्र कहते हैं ज्ञान पैदा नहीं होता और ना ही नष्ट किया जा सकता है ज्ञान जन्म से ही हमारे साथ होता है, जैसे-जैसे आत्मा से हमारी दूरी कम होती जाती है, आत्मा अनावरित होती जाती है वैसे वैसे आप को ज्ञान की प्राप्ति होती जाती है। और तब मानस शब्दों की अनुभूति हमें सूक्ष्म शरीर में विभिन्न चक्रों पर वर्णों के रूप में होती है। और ज्ञान की इस अवस्था में वर्णों का यह स्पंदन ब्रह्मांड के नाद से संयुक्त हो जाता है और तब संपूर्ण ब्रह्मांड का रहस्य स्वयं अंतस में प्रकट होने लगता है । जिसे स्वयं का ज्ञान नहीं होता उसके अन्य सांसारिक ज्ञान भी भ्रांतिपूर्ण व अपूर्ण होते हैं। हम सदैव दूसरों के अनुभवों को ज्ञान के रूप में ग्रहण करते रहते हैं परंतु वास्तव में अविष्कारी या वैज्ञानिक वही होता है जो स्वयं का ज्ञान व अनुभव अर्जित करता है। पुस्तकें मार्गदर्शक हो सकती हैं ध्येय नहीं।श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग आत्मा के आवरणों से परे ब्रह्मानुभूति का विज्ञान है। जो अंधविश्वासों, कर्मकाण्ड व आडंबरों से परे है। सहजयोग विवेक व बोध के द्वारा क्रिया एवं विचारों से बाहर निकाल कर ध्यान का मार्ग प्रशस्त करता है। और हमें उस ज्ञान व विद्या का साक्षात्कार प्रदान करता है जो हमारे साथ जन्मी है, जो सहज है। सहज योग में हम स्पंदनों की भाषा को समझने लगते हैं जो अधिक शक्तिशाली, तीव्रगामी व वास्तविक होती है। आप अपने किसी दूर बैठे हुए व्यक्ति के बारे में सिर्फ स्पंदनों से जान सकते हैं दूसरों की परेशानियों को ये स्पंदन ठीक कर सकते हैं विभिन्न रोगों का उपचार कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है। सहजयोग से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18002700800 पर कॉल करें।



हातोद तहसील के 68 गांव के कामदारों ने तहसील में जोरदार प्रदर्शन कर एसडीएम वर्मा जी को मांग पत्र सोफा जिसमें मांग की गई थी कामदारों को वेतन समय पर नहीं मिल रहा है कामदारों को जो वर्दी दी जा रही है वह घटिया किस्म की है इसकी जांच के लिए सभी कामगारों ने मांग पत्र सोफा इस अवसर पर चंदन सिंह मकवाना चौहान जी गब्बू भैया देवेंद्र चौहान विकास चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मीडियाकर्मी से मारपीट जान से मारने की धमकी

**विनोद सिकरवार**

शिवपुरी जिले के पुरानी शिवपुरी क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक युवक के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। अहीर मोहल्ला निवासी युवक ऋषि गोस्वामी ने देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी रानू योगी ने बिना किसी जान-पहचान के युवक को गालियां दीं और घूंसा मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ऋषि गोस्वामी के अनुसार, वह शुक्रवार को पारस जैन की दुकान में बैठे थे। तभी योगी मोहल्ला निवासी रानू योगी वहां आया और उन्हें मां-बहन की अश्लील गालियां देने लगा। विरोध करने पर रानू ने उनके मुंह पर घूंसा मारा, जिससे उन्हें चोट आई और खून बहने लगा। घटना के समय वहां मौजूद मनीष अग्रवाल और आदर्श परिहार ने बीच-बचाव किया। लेकिन जाते-जाते आरोपी रानू ने धमकी दी कि यदि पुलिस में रिपोर्ट की तो जान से मार देगा।

### बीएनएस की 3 धाराओं में केस दर्ज

देहात थाना पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी रानू योगी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 296 (गाली-गलौच), 115 (2) (धमकी) और 351(3) (हमला कर चोट पहुंचाना) के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।



# सावन सोमवार

विशेष लेख

## "नंदी महाराज- श्रद्धा, भक्ति और प्रतीकात्मक आस्था"

गोपाल गावंडे » रणजीत टाइम्स
प्रधान संपादक



सावन का महीना शिवभक्तों के लिए अत्यंत पावन माना जाता है। यह माह भगवान शिव की आराधना, व्रत, उपवास और भक्ति से ओत-प्रोत रहता है। सावन सोमवार को विशेष महत्व प्राप्त है क्योंकि यह दिन स्वयं शिवशंकर को समर्पित होता है। परंतु इस अवसर पर जिस दिव्य प्रतीक को अक्सर भुला दिया जाता है, वह हैं – नंदी महाराज।

### नंदी कौन हैं?

नंदी केवल एक बैल नहीं, बल्कि शिव जी के प्रमुख गण, वाहन और द्वारपाल हैं। वे शक्ति, धैर्य, निष्ठा और भक्ति के प्रतीक हैं। "नंदी" का अर्थ होता है – आनंद। यह नाम ही दर्शाता है कि वे शिवभक्ति में लीन रहकर परम आनंद की अवस्था में स्थित रहते हैं।

### मंदिरों में क्यों बैठे मिलते हैं नंदी?

हर शिव मंदिर में नंदी महाराज शिवलिंग के सामने बैठे हुए दिखाई देते हैं। वे शिव से संवाद करने वालों के पहले श्रोता होते हैं। ऐसा विश्वास है कि शिव को अपनी प्रार्थना पहुँचाने के लिए पहले नंदी महाराज के कान में अपनी मनोकामना कहनी चाहिए, क्योंकि वे सच्चे भक्तों का संदेश भोलेनाथ तक पहुँचा देते हैं।

### नंदी और सावन का संबंध

सावन में जब शिव की पूजा विशेष रूप से होती है, तो नंदी की पूजा भी स्वतः ही पूजनीय बन जाती है। यह महीना न केवल भगवान शिव की कृपा पाने का समय है, बल्कि उनके सबसे वफ़ादार सेवक नंदी महाराज से आशीर्वाद लेने का भी सर्वोत्तम अवसर है।

### नंदी से क्या सीखें?

»» धैर्यः नंदी घंटों एक ही मुद्रा में बैठकर शिव की प्रतीक्षा करते हैं।

»» निष्ठाः वे बिना थके अपने आराध्य के द्वार पर खड़े रहते हैं।

»» भक्तिः वे केवल सेवा करते हैं, कोई अपेक्षा नहीं रखते।

»» समापनः सावन सोमवार को शिव की आराधना के साथ नंदी महाराज की पूजा भी अवश्य करें। अपने जीवन में नंदी जैसा समर्पण लाएं और भोलेनाथ की असीम कृपा पाएं।

"नंदी हैं शिव के वाहन नहीं
उनकी भक्ति के भाव हैं।"
जय नंदी ! जय भोलेनाथ

# पिछोर में लगातार बारिश की चलते विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री के नाम पत्र

## किसानों के नुकसान की भरपाई एवं मुआवजा तथा आर्थिक सहायता के लिये की मांग

जगदीश पाल



पिछोर (शिवपुरी) पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने 12 जुलाई शनिवार को पिछोर क्षेत्र में लगातार बारिश होने के कारण किसानों के नुकसान की भरपाई तथा मुआवजा व आर्थिक सहायता के लिए म.प्र.के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव को एक पत्र लिखा जिसमें विधायक के द्वारा लिखा गया कि मेरी विधानसभा क्षेत्र 26 पिछोर जिला शिवपुरी में हाल ही में अत्यधिक वर्षा होने के कारण यहां के मेरे किसान भाईयों की फसलों की समय पर बुबाई न होनें तथा जिन किसानों के द्वारा बुबाई की जा चुकी है उनका खाद एवं बीज भी अत्यधिक वर्षा होने के कारण बर्बाद हो गया हैं,इसके साथ ही बुनियादी ढांचे भी प्रभावित हुए हैं !अधिक वर्षा होने के कारण मेरी विधानसभा क्षेत्र के मेरे परिवारों को तत्काल सहायता की आवश्यकता है तथा प्रारंभिक तौर पर प्रभावित क्षेत्र का शीघ्र अति शीघ्र सर्वे कराया जाए ताकि नुकसान का सही आंकलन किया जा सके एवं प्रभावित परिवारों को मुआवजा का सही लाभ प्राप्त हो सके! जिससे वह अपने जीवन को पुनः संभाल सके इसके साथ ही बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्र की सड़क,झोपडी,पुलिया मकान आदि क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिससे कई परिवारों की स्थिति बहुत दयनीय हो गई है जिस कारण इस क्षेत्र में जल्द से जल्द सर्वे कराकर राहत कार्य शुरू करें! जिससे क्षेत्र की जनता का जीवन सुचारु से चल सके!

# श्रावण के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमडी भीड

झाबुआ : राजेश सोनी

पवित्र श्रावण मास के पहले श्रावण सोमवार को जिले भर के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड बनी रही । प्रातःकाल तडके से शिवालयों में हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों के साथ भक्तों की कतारें देखी गई । श्रावण में शिव पूजा का विशेष महत्व होता है इसलिए भक्तों द्वारा भगवान शिव के मंदिरों में जल, दूध ,बेलपत्र ,पंचामृत ,आदि विभिन्न तरीकों से शिवपूजा कर अपनी मनोकामना मांगी । शिव मंदिरो पर सुबह 5 बजे से भक्तों की आवाजाही आरंभ हो गई जो दिनभर बनी रही । जिले के झाबुआ मेघनगर थांदला पेटलावद सहित विभिन्न ग्रामों के शिवमंदिरों में भी भक्तों ने भगवान शिव की विशेष पूजा की ।

ये है मान्यता- भारतीय हिन्दू कैलेंडर के श्रावण मास की शुरुआत हो चुकी है, जिसे सावन के नाम से भी जाना जाता है। इस महीने में शिव भगवान की पूजा विशेष रूप से की जाती है, जिसमें श्रावण सोमवार की विशेषता भी होती है। भक्त सुबह से शिव मंदिर पहुंचकर भोले की भक्ति में डूब गए हैं। दूध, दही, शहद, घी, जल, बेलपत्र, फूल अर्पित कर भगवान भोले को हर कोई प्रसन्न करने में लगा है।



सावन में होती है भगवान शिव की साधना- भगवान भोलेनाथ प्रकृति के देवता माने जाते हैं, इसलिए सावन माह में प्रकृति की पूजा के रूप में महादेव की पूजा की जाती है। प्रकृति से हमें जीवन, और जीवन जीने के साधन मिलते हैं। सनातन परंपरा में प्रकृति पूजा को सर्वोच्च बताया गया है, इसलिए सावन के महीने में प्रकृति के देवता भगवान शिव की पूजा होती है।

सावन की पौराणिक कथा- सावन, जिसको भगवान शिव के भक्त बिल्कुल एक त्यौहार की तरह मनाते हैं। साथ ही सावन को विशेष महत्व देने के पीछे कई कहानियां प्रचलित हैं। सुबह छह बजे से शिवालयों में बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारे सुनाई देने लगे हैं। सोमवार का दिन चन्द्र ग्रह का दिन होता है और चन्द्रमा के नियंत्रक भगवान शिव हैं। इस दिन पूजा करने से न केवल चन्द्रमा बल्कि भगवान शिव की कृपा भी मिल जाती है। मां पार्वती ने सोलह सोमवार का उपवास रखा था। विवाह में आ रही अड़चन और संतान प्राप्ति के लिए भी यह व्रत उत्तम माना गया है।

समुंद्र मंथन- समुंद्र मंथन एक बहुत व्यापक कथा है जिसमें देवताओं व असुरों के बीच समुंद्र मंथन हुआ और देवताओं को विष की लहरों से बचाने के लिए भगवान शिव ने विष पिया था। यह समुंद्र मंथन श्रावण के सोमवार को हुआ था, तभी से इस दिन को एक अलग ही महत्व दिया जाता है।

शिव और सती का विवाह- भगवान भोलेनाथ व माता सती की शादी भी श्रावण के सोमवार को ही हुई थी। उनकी शादी को उनके अनंत सत्यप्रेम का प्रतीक माना जाता है। इसलिए सावन के सोमवार को महादेव व पार्वती के विवाह के रूप में मान्यता दी जाती है।

सावन में शिव पूजा- कहा जाता है कि भगवान शिव को प्रसन्न करना बहुत आसान है। वे बहुत ही आसान पूजा से अपने भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। सावन माह में भगवान भोले को प्रसन्न करने के लिए सुबह सबसे पहले स्नान ध्यान करें, साफ कपड़े पहनें। भगवान शिव को समर्पित वैदिक मंत्रों का जाप कर शिव आराधना करें। देसी घी का दीया जलाए और ओम नमरू शिवाय का जाप करें। इस दिन कई लोग शिव चालीसा का पाठ भी करते हैं। मंदिर में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए जल, दूध, दही ,घी, शक्कर, धतूरा और कनेर के फूल चढ़ाए जाते हैं। भगवान शिव की कृपा पाने के लिए इस दिन कई लोग रुद्राभिषेक भी कराते हैं, जिससे भगवान भोलेनाथ भक्तों की मनोकामना पूरी करने के साथ ही मनवांछित फल भी देते हैं।

# इंदौर में "गुंडो की पाठशाला" की शुरुआत-अपराध छोड़ने की दिलाई शपथ

**राजेश धाकड़**

इंदौर। शहर को अपराध मुक्त और समाज को सुरक्षित बनाने की दिशा में इंदौर पुलिस ने एक अनूठी पहल की है। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह के निर्देशन में जिले में "गुंडो की पाठशाला" अभियान की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य लिस्टेड गुंडों को अपराध की राह छोड़कर मुख्यधारा में जोड़ना और उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस अभियान के तहत थाना क्षेत्र में चिन्हित गुंडों को प्रतिदिन थाने बुलाकर एक विशेष कक्षा के रूप में समझाइश दी जाती है। पाठशाला का मुख्य उद्देश्य अपराध की प्रवृत्ति को खत्म कर युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करना है। इस प्रयास में परिजनों की भी उपस्थिति सुनिश्चित की जाती है ताकि पारिवारिक सहयोग से बदलाव की प्रक्रिया मजबूत हो।

इसी क्रम में दिनांक 14 जुलाई को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेंद्र सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी खजराना श्री मनोज सिंह सेंधव द्वारा थाना परिसर में "गुंडो की पाठशाला" आयोजित की गई। इस विशेष कक्षा में लगभग 18 लिस्टेड गुंडों को बुलाकर उन्हें जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए समझाइश दी गई। पाठशाला के अंत में सभी उपस्थित युवकों को अच्छा नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर थाना स्टाफ और संबंधित परिजन भी उपस्थित रहे। इंदौर पुलिस की यह अभिनव पहल समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम मानी जा रही है।






# "एक पेड़ मां के नाम"

## पिछोर छत्रसाल महाविद्यालय में किया वृक्षारोपण



### जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों के द्वारा लगाए गए कई तरह के पेड़ पौधे

**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) गत दिवस शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित पड़ेरिया के द्वारा कई तरह के फलदार वृक्ष आदि का वृक्षारोपण किया गया ! इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य केशव सिंह जाटव, सांसद प्रतिनिधि मनीष अग्रवाल, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरत लाल मेहते, जन भागीदारी समिति के सदस्य कमलेश पंसारी, केपी कुशवाहा,रत्नेश निगोती सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था !जहाँ सभी लोगों ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर वृक्षारोपण किया ! जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष पडेरिया द्वारा बताया गया कि पेड़ पौधे हमारे पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है हमें न केवल फल,फूल और छाया प्रदान करतें हैं,बल्कि हवा और पानी को भी शुद्ध करते हैं ! पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है, और हमें उनकी सदैव रक्षा करनी चाहिए !

# "संत स्मरण दिवस" कार्यक्रम में उपस्थित हुआ एवं श्रद्धेय जोशी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की






**संजय प्रेम जोशी**

जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की यात्रा में अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले राजनीति के संत, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय कैलाश जोशी जी की 96वीं जन्म जयंती के अवसर पर भोपाल में विधानसभा स्थित मानसरोवर सभागार में आयोजित "संत स्मरण दिवस" कार्यक्रम में उपस्थित हुआ एवं श्रद्धेय जोशी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके जीवन वृत पर आधारित पुस्तक "जोशी बाबा" का विमोचन भी किया। रद्धेय जोशी जी राजनीति में शुचिता, ईमानदारी और सादगी की प्रतिमूर्ति थे। संगठन के विस्तार एवं नए कार्यकर्ताओं को गढ़ने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। जनसेवा और संगठन की मजबूती को लेकर उनके विचार व कार्य हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं।बीजेपी एमपी







# श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव







**दीपक वाडेकर-मध्यप्रदेश ब्यूरो**

इंदौर। स्काउट ग्राउंड, नगर निगम रोड, चिंतनबाग, इंदौर (म.प्र.) दिनांक: 10 जुलाई 2025, गुरुवार परंपरानुसार इस वर्ष भी श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन परम पूज्य गुरुदेव श्री विवेक जी महाराज के पावन सान्निध्य में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सुबह 8:00 बजे से पवित्र पार्थिव पूजन एवं भगवान शिव का पूजन विधिवत रूप से संपन्न किया गया। संध्या 4:00 बजे से श्री गुरु पाद पूजन, दीक्षा, दर्शन एवं भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस पावन अवसर पर दीपक वाडेकर जी ने अपने पूरे परिवार सहित गुरुदेव के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समस्त श्रद्धालुओं ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और गुरुदेव के आशीर्वाद से स्वयं को धन्य माना।

# जनम जनम का साथ है तुम्हारा हमारा के साथ अन्य गीतों की शानदार प्रस्तुति



इंदौर बीती रात अभिनव कला समाज केंद्र पर म्यूजिकल ग्रुप द्वारा शानदार फिल्मी गीतों का आयोजन किया गया संचालन गोविंद दुबे ने किया गायक बाबू राजोरिया उर्मिला राजोरिया में एक से बढ़कर एक शानदार गीतों की प्रस्तुति दी आ यो जिक का कविता यादव ने बताया की कार्यक्रम में इंदौर के आसपास के कलाकारों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें गायक राजेश दीवान कविता ज्योति सीमा बंजारा आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार गीतों की प्रस्तुति दी।

# अवसरः बड़े भाई कैलाश गावंडे (पूर्व महापौर प्रत्याशी - इन्दौर नगर निगम) का जन्मदिवस



रणजीत टाइम्स के मध्यप्रदेश कार्यालय में प्रिय वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं पूर्व महापौर प्रत्याशी - इन्दौर नगर निगम बड़े भाई कैलाश गावंडे का जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रणजीत टाइम्स के संपादक श्री गोपाल गावंडे ने उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके सामाजिक योगदान एवं प्रेरणादायक नेतृत्व की सराहना की।

इस विशेष अवसर पर उपस्थित रहेः दीपक वाडेकर (रणजीत टाइम्स), पंडित विपिन शर्मा (रणजीत टाइम्स),मुरली फावड़े (रणजीत टाइम्स), नरेंद्र कौर, पूजा शर्मा, सोनू तथा रणजीत टाइम्स परिवार के अन्य सम्माननीय सदस्यगण। सभी ने मिलकर कैलाश गावंडे को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और इस दिन को रणजीत टाइम्स परिवार के साथ यादगार बनाया।

# बारिश का पानी की कम निकासी होने से आसपास के घरों में भर रहा बारिश का पानी







## लगातार बारिश होने हो सकती है मकान गिरने की संभावना

**जगदीश पाल**

खनियाधाना खनियाधाना के वार्ड क्रमांक 11 कारस देव मोहल्ला में कुछ आसपास बने लोगों के मकान में पानी भर गया है जिससे लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है बारिश अधिक होने से आसपास घर के पीछे तलाब जैसा नजर आ रहा है जैसे कि बड़ा तालाब हो गया हो पूर्व में जहां से पानी निकलता था वहां से कुछ मकान मालिकों ने शासकीय नाली को बंद कर दिया गया है जिससे आसपास के सभी लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है राशन पानी लोगों के घर में पानी भरने से जो घरों में राशन रखा रहता है वह उसमें भी पानी भर गया है पानी भरने से रात्रि में सोने और रहने की काफी समस्या हो रही है इस संबंध में प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है लगातार इस संबंध में कुछ सालों से प्रशासन को बारिश के समय ही केवल आसपास के लोगों को आश्वासन दिया जाता है कि कुछ समय समस्या बाद ठीक हो जाएगी नगर पालिका खनियाधाना में इस आपदा से निपटने के लिए प्रशासन में कोई इंतजाम नहीं किया हुआ है कोई निराकरण नहीं किया गया जा रहा है

इनका कहना- मैं कर्मचारियों को मौके पर भेज कर समस्या का समाधान करवा रहा हू:-

आशुतोष त्रिपाठी

मुख्य नगर परिषद अधिकारी खनियाधाना

## सजेली रेल्वे फाटक पर दो दिन रहेगा यातायात प्रभावित15 से 16 जुलाई तक वाहनों को करना होगा परिवर्तित मार्गो का उपयोग

**झाबुआ- राजेश सोनी**

जिले के मेघनगर-थांदला रोड के मध्य स्थित सजेली रेल्वे फाटक पर 15 एवं 16 जुलाई को यातायात प्रभावित रहेगा । रतलाम रेल मण्डल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पश्चिम रेल्वे के रतलाम मण्डल के नागदा-गोधरा रेलखण्ड में मेघनगर -थांदला रोड रेल्वे स्टेशनों के मध्य लेवल क्रासिंग क्रमाक 61 सजेली फाटक पर अनुरक्षण कार्य किया जाना प्रस्तावित है ।अनुरक्षण कार्य 15 जुलाई की सुबह 9 बजे से 16 जुलाई की शाम 7 बजे तक किया जाएगा । जिस कारण लेवल क्रासिंग क्रमाक 61 सजेली रेल्वे फाटक से सडक यातायात पूर्ण रूप से बंद रहेगा। रतलाम रेल मंडल जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान सडक उपयोगकर्ता असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक सडक मार्गो का उपयोग कर सकते है ।जिन वाहनों की उंचाई 3.80 मी. से कम है ,वैकल्पिक मार्ग के रूप में थांदला रोड-बजरंगगढ रेल्वे स्टेषन के मध्य रोड अंडर ब्रिज एवं मेघनगर-थांदला रोड रेल्वे स्टेशन के मध्य अण्डर ब्रिज का और जिन वाहनों की उंचाई 3.80 मीटर से अधिक है वह वैकल्पिक मार्ग के रूप मेघनगर में बने रोड ओवर ब्रिज तथा अगराल पेटलावद पर (भानुप्रताप रोड प्लाजा ) पर बने सडक का उपयोग कर सकते है ।

**श्रावण सोमवार विशेष**

## सृष्टि में सौंदर्य, आनंद व प्रेम की अनुभूति ही शिव हैं : श्री माताजी

शिव जी महायोगी हैं और उनके बारे में हम जानते हैं कि वे सदैव ही अपने आनंद में, समाधि में रत रहते हैं। वे सृष्टि के निर्माण की इच्छा तो करते हैं पर निर्माण व विकास की प्रक्रिया के प्रति साक्षी स्वरूप रहकर उससे अलग रहते हैं परंतु वे समस्त चराचर में स्पंदन व प्राण स्वरूप उपस्थित हैं। अतः शिव तत्व प्रेम, आनंद व सौंदर्य के रूप में समस्त सृष्टि में व्याप्त रहता है। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने श्री शिव का वर्णन कुछ इस प्रकार किया है कि, "शिवजी एक परम सन्यासी हैं वह अतुलनीय है उनका वर्णन शब्दों से नहीं कर सकते शिव सर्वदा पवित्र एवं निष्कलंक हैं। प्रेम के सिवाय शिव कुछ भी नहीं। प्रेम सुधारता है, पोषण करता है और आपके हित की कामना करता है। शिव आपके हितों का ध्यान रखते हैं प्रेम से जब आप दूसरों के हितों का ध्यान रख रहे होते हैं तो जीवन का सारा ढांचा ही बदल जाता है आप वास्तव में जीवन का आनंद उठाते हैं। ..... श्री ब्रह्मदेव द्वारा रचित तथा श्री विष्णु द्वारा विकसित की गई हर वस्तु को सौंदर्य प्रदान करना शिव का गुण है। सौंदर्य संवेदना की रचना का सूक्ष्म कार्य उन्हीं का है। भक्ति का आनंद भी शिव की देन है।" ( इटली, 17/2/1991) वे नटराज हैं। नृत्य- संगीत का प्रादुर्भाव उन्हीं के आनंद की देन है। सृष्टि में प्रमुख तीन तत्व सौंदर्य, आनंद व प्रेम की अनुभूति ही शिव की उपस्थिति का द्योतक है परंतु आत्म ज्ञान के अभाव में हम इस अनुभूति को अनुभव ना करके भौतिकता में खो जाते हैं। सहजयोग में श्री माताजी की कृपा में कुंडलिनी जागरण व आत्म साक्षात्कार की प्राप्ति शिव के श्री चरणों में लय होने का एक सहज मार्ग है। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क करें।

# डॉ. के. विक्रम राव की श्रद्धांजलि सभा कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में आयोजित हुई






**रंजीत टाइम्स**

नई दिल्लीः देश भर के पत्रकार, मीडिया शिक्षक, विभिन्न ट्रेड यूनियन संगठनों (पीटीआई कर्मचारी संघ, टाइम्स कर्मचारी संघ, समाचार पत्र कर्मचारी संघों का कंफेडेरशन, नेशनल फेडरेशन ऑफ न्यूजपेपर एम्प्लॉइज) के प्रतिनिधियों सहित, पत्रकार संघों के प्रतिनिधि और प्रेस कर्मचारियों के नेता 12 जुलाई 2025, शनिवार की सुबह नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एकत्र हुए, ताकि पत्रकार और जन-नायक कामरेड के. विक्रम राव के निधन पर शोक व्यक्त कर सकें। उन्होंने स्वर्गीय डॉ. राव की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया, जिन्होंने आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था, ताकि प्रेस की स्वतंत्रता की भावना को आगे बढ़ाया जा सके। पत्रकारिता की नैतिकता, साथी पत्रकारों और गैर-पत्रकारों के वित्तीय और नौकरी के हितों की रक्षा की जा सके, जिससे न्यायसंगत और स्वतंत्र लेखन के उच्च मानकों को बनाए रखा जा सके। देश के सबसे पुराने और सबसे प्रशंसित संगठन के कामकाज को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) की कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसमे डॉ. राव की विरासत को आगे बढ़ाने पर कई अहम् फैसले लिए गए। यह भी निर्णय लिया गया कि तीन उपाध्यक्षों श्री गोपाल मिश्रा, श्री उपेंद्र सिंह राठौड़ और श्री मोहन कुमार एवं कोषाध्यक्ष श्री रजत मिश्रा का एक "कोर ग्रुप" बनाया जाएगा, जो दैनिक मुद्दों का प्रबंधन करेगा और महासचिव विपिन धूलिया इस टास्क फोर्स के समन्वयक होंगे। आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव एवं नयी कार्यकारिणी के गठन तक, जो 2025 के अंत तक संपन्न होने हैं, तब तक यह "कोर ग्रुप" आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) के कार्यों का सञ्चालन करेगा।

इससे पहले, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हुई शोक सभा में समाचार पत्रों और समाचार एजेंसियों के कर्मचारियों के सामान्य हितों का अभिसरण और मजबूत हुआ, जब अधिकांश वक्ताओं ने भारी आवाज में याद किया कि के विक्रम राव साहब अपनी दुखद मृत्यु से कुछ घंटे पहले तक पत्रकारिता में योगदान दे रहे थे। राव ने देश की प्रतिष्ठित भारतीय पुलिस सेवा को छोड़कर टाइम्स ऑफ इंडिया बंबई (मुंबई) में पत्रकार के रूप में शामिल हुए थे।

उन्हें अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी पर भी उत्कृष्ट पकड़ थी। वे अपनी मातृभाषा तेलुगु और उर्दू भी जानते थे। एक कट्टर समाजवादी होने के नाते, वे चाहते थे कि हिंदी देश की सबसे स्वीकृत संचार भाषा हो, उनके लेख विभिन्न भाषाओं में 80 से अधिक प्रकाशनों में छपते थे। उन्हें 1975 के आंतरिक आपातकाल का विरोध करने के लिए निशाना बनाया गया और उन्हें जॉर्ज फर्नांडीस, भारत के सबसे प्रशंसित राष्ट्रीय नेताओं में से एक, के साथ बड़ौदा डायनामाइट केस में फंसाया गया। बाद में, जॉर्ज ने देश के रक्षा मंत्री के रूप में भी कार्य किया। कुछ वक्ताओं ने बताया कि सार्वजनिक जीवन में शामिल होने के अवसर होने के बावजूद, राव ने भारत की पत्रकारिता की सेवा करने का फैसला किया, जिसे आपातकाल के वर्षों के दौरान लगाए गए प्रेस सेंसरशिप के दौरान भारी झटका लगा था। आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजस्थान से उपेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया की राव साहब स्थानीय पत्रकारों को सामाजिक और धार्मिक संस्थानों से जोड़कर प्रेस स्वतंत्रता की भावना को फैलाने के लिए जागरूक करते थे, जो उनकी इकाई राजस्थान में कर रही है। राजस्थान प्रदेश ने इस साल के अंत में आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) के राष्ट्रीय पार्षदों की बैठक की मेजबानी करने की भी पेशकश की। वक्ताओं में समाचार पत्र कर्मचारी परिसंघ के उपाध्यक्ष श्री मनोज मिश्रा, प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के यूनियन नेता, श्री इंदुकांत दीक्षित, अध्यक्ष पीटीआई, श्री बलराम दहिया महासचिव, श्री सी. एल. गुप्ता, पीटीआई के उत्तर भारत विंग के प्रभारी और पीटीआई की वरिष्ठ पत्रकार सुश्री कविता शामिल थीं। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे भारत की सबसे बड़ी समाचार एजेंसी देश को सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान के एक वर्ग के प्रकोप का सामना कर रही है। आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) के उपाध्यक्ष श्री गोपाल मिश्रा की ओर से एक दस्तावेज भी प्रसारित किया गया, जिसमें सरकार को देश के राष्ट्रीय हितों के लिए पीटीआई कर्मचारियों के कमजोर होने के अंतरराष्ट्रीय और भू-राजनीतिक निहितार्थों के प्रति आगाह किया गया। यह भी कहा गया कि पिछले 10 वर्षों के दौरान, चीनी समाचार संगठनों और उनके प्रॉक्सी अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर उभरे हैं, जिससे भारत की सुरक्षा और रणनीतिक हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। यह महसूस किया गया कि उनके प्रचार का मुकाबला केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया, विशेष रूप से पीटीआई, जो देश में अपनी सच्चाई के लिए जानी जाती है, को फिर से सक्रिय करके ही किया जा सकता है। भारत भर से विभिन्न आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) इकाइयों के वक्ता जिसमे श्री विपिन धूलिया महासचिव आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.), श्री रजत मिश्रा कोषाध्यक्ष आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.), श्री हसीब सिद्दीकी, अध्यक्ष UPWJU, श्री शिव शरण घरवार अध्यक्ष लखनऊ यूनियन, श्री नितिन श्रीवास्तव सदस्य कार्य समिति LWJU, श्री प्रमोद दत्ता अध्यक्ष बिहार यूनियन, श्री सुधीर मधुकर महासचिव बिहार यूनियन, श्री अभिजीत पांडे, श्री सलमान खान अध्यक्ष मध्य प्रदेश यूनियन, श्री हरिओम पांडे राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, श्री उपेंद्र सिंह राठौड़ अध्यक्ष राजस्थान यूनियन, श्री बेणु पांडा महासचिव उत्कल जर्नलिस्ट यूनियन उड़ीसा, श्री पी. आनंदम सचिव तेलंगाना यूनियन, श्री सोमैय्या मामीडी संस्थापक अध्यक्ष तेलंगाना यूनियन, श्री बसवा पुन्नैया बोडिगे सदस्य तेलंगाना विधानसभा मीडिया सलाहकार, श्री प्रभाकर येलोजी, सुश्री शांता कुमारी संयोजक आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) कर्नाटक, श्री संतोष चतुर्वेदी सचिव आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.), श्री परमेश्वर राव अध्यक्ष आंध्र यूनियन, श्री इकबाल चौधरी नॉएडा, मारूफ रजा संयोजक आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) नई दिल्ली ने दिवंगत नेता को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रेस कर्मचारी परिसंघ के प्रतिनिधियों ने भी दिवंगत नेता को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनमें सबसे उल्लेखनीय श्री अयोध्या प्रसाद वशिष्ठ संस्थापक अध्यक्ष एन.एफ.एन.ई., श्री उमेश चतुर्वेदी, भोपाल के एक प्रतिष्ठित ट्रेड यूनियन नेता, एन.यू.जे.आई. के प्रोफेसर शिवाजी सरकार, श्री सी. एम. पपने महासचिव एन.एफ.एन.ई., श्री प्रदीप फुटेला उत्तराखंड, श्री हवलदार सिंह अध्यक्ष टाइम्स एम्प्लॉइज यूनियन, टाइम्स यूनियन के सदस्य श्री उमाशंकर कुकरेती, श्री राजेंद्र पांडे, श्री हरि, श्री सुरेश डोबरियाल वरिष्ठ पत्रकार, सुश्री सरोज धूलिया उपाध्यक्ष इंडियन वीमेंस प्रेस कॉर्प शामिल थे। उन्होंने अपने व्यक्तिगत किस्से साझा किए कि कैसे श्री राव ने उन्हें उनके पेशेवर और ट्रेड यूनियन कार्यों में मदद की थी। कुछ राज्य के सदस्य जो अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण उपस्थित नहीं हो सके, उन्होंने अपने संदेश भेजे। कंफेडेरशन के महासचिव, श्री जी. भूपति, आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) के उपाध्यक्ष श्री मोहन कुमार, सुश्री नमिता बोरा, असम, श्री अमित कुमार, कोलकत्ता, पश्चिम बंगाल, श्री बी. आर. प्रजापति और श्री आर. मणिकम, अध्यक्ष और सचिव गुजरात जर्नलिस्ट यूनियन, श्री विजय पौल अध्यक्ष त्रिपुरा जर्नलिस्ट यूनियन और अन्य के संदेश पढ़े गए।

श्री राव के एक करीबी दोस्त, श्री के. बी. माथुर, जिन्होंने नॉर्दर्न इंडियन पत्रिका और अमृत प्रभात के संपादक के रूप में कार्य किया था और अब टोरंटो, कनाडा में रहते हैं, ने याद किया कि लखनऊ में इमरजेंसी के दौरान उनकी गिरफ्तारी से पहले उन्होंने उनके निवास पर कुछ घंटों के लिए कैसे शरण ली थी। प्रोफेसर प्रदीप माथुर ने पत्रकारों को उनके लेखन कौशल में सुधार करने में मदद करने के लिए अपना समर्थन दिया। पूर्व शीर्ष सिविल सेवक श्री प्रमोद रावल अपनी डॉक्टर पत्नी सुश्री अमिता रावल के साथ मौजूद थे, उन्होंने स्वर्गीय डॉ. राव और उनकी पत्नी डॉ. सुधा राव के साथ अपने आजीवन गर्मजोशी भरे संबंधों को याद किया, जब वे लखनऊ में पड़ोसी थे। तत्पश्चात दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बाद में आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) की कार्यसमिति ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में अपनी बैठक की और अपने अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव द्वारा शुरू किए गए आंदोलन को पूरा करने का संकल्प लिया। राजस्थान में होने वाले राष्ट्रीय परिषद सत्र को मंजूर किया गया। आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) की नई इकाइयों के रूप में शामिल होने के लिए आये विभिन्न राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई, उन्हें अनुमोदन के लिए आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) कोर समिति को अग्रेषित किया गया। आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) की कार्यसमिति ने वरिष्ठ टीवी पत्रकार और आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) के दिल्ली संयोजक श्री मारूफ रजा को हमारे नेता डॉ. के. विक्रम राव की श्रद्धांजलि को एक गरिमामय कार्यक्रम बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहा। भारी मन से, हम कामरेड के. विक्रम राव को विदाई देते है, जिनकी दूरदर्शिता और समर्पण ने आईOएफOडब्लूOजेO (I.F.W.J.) की इस यात्रा को आकार दिया है। यह हमारे लिए एक सम्मान की बात है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )